# खाद्य लेबल के लिये QR कोड

## प्रिलिम्स के लिये:

खाद्य लेबल, **भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण**, **फ्रंट-ऑफ-पैक लेबलिंग (FOPL)**, **त्वरित प्रतिक्रिया कोड,** दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016, खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020

## मेन्स के लिये:

भारत में खाद्य लेबल, खाद्य प्रसंस्करण एवं संबंधित उद्योगों के लिये QR कोड का दायरा और महत्त्व, समावेशी विकास एवं इससे उत्पन्न मुद्दे

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI)** ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों की पहुँच के लिये **खाद्य उत्पादों पर QR कोड** शामिल करने की सिफारिश की है, जिसमें कहा गया है कि इससे **सभी के लिये सुरक्षित भोजन तक पहुँच** सुनिश्चित होगी।

- FSSAI ने वर्ष 2019 में **फ्रंट-ऑफ-पैक लेबलिंग (FOPL)** का प्रस्ताव रखा, जो उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने के लिये सचेत और शिक्षित करने की एक प्रमुख रणनीति है।

## QR कोड:

- **त्वरित प्रतिक्रिया (Quick Response- QR) कोड** एक प्रकार का **द्वि-आयामी मैट्रिक्स बारकोड** है जो विभिन्न प्रकार के डेटा को संग्रहीत कर सकता है, जैसे- अल्फान्यूमेरिक टेक्स्ट, वेबसाइट यूआरएल, संपर्क जानकारी आदि।
- इसका आविष्कार **वर्ष 1994 में जापानी कंपनी डेंसो वेव** द्वारा मुख्य रूप से **ऑटोमोबाइल के हिस्सों को ट्रैक व लेबल करने** के उद्देश्य से किया गया था।
- QR कोड की विशेषता उसके विशिष्ट चौकोर आकार और सफेद पृष्ठभूमि पर काले वर्गों का एक पैटर्न है, जिसे **QR कोड रीडर या स्मार्टफोन कैमरे का उपयोग करके स्कैन एवं भाषांतरित/इंटरप्रेट किया जा सकता** है।

## FSSAI की प्रमुख सिफारिशें:

- **FSSAI के खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020:**
  - ये सिफारिशें **FSSAI के खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020** के अनुरूप हैं।
  - यह सुनिश्चित करता है कि खाद्य निर्माता लेबलिंग आवश्यकताओं का पालन करें, जो खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण के लिये आवश्यक हैं।
- **दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016:**
  - दृष्टिबाधित व्यक्तियों की पहुँच के लिये QR कोड को शामिल करने का यह कदम **दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप है।**
  - यह समावेशिता और आवश्यक जानकारी तक समान पहुँच को बढ़ावा देता है।
- **QR कोड द्वारा प्रदत्त जानकारी:**
  - QR कोड में उत्पाद से संबंधित व्यापक विवरण शामिल होगा, जिसमें सामग्री, पोषण जानकारी, एलर्जी संबंधी चेतावनी, विनिर्माण तिथि, तिथि से पहले/समाप्ति/उपयोग की सर्वोत्तम तिथि और ग्राहक पूछताछ के लिये संपर्क जानकारी आदि, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।
  - जानकारी तक पहुँच के लिये QR कोड को शामिल करना, संबंधित नियमों द्वारा निर्धारित उत्पाद लेबल पर अनिवार्य जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता को प्रतिस्थापित या अस्वीकार नहीं करता है।

## सुरक्षति भोजन तक पहुँच से संबंधति वर्तमान चतिाएँ:

- भारत में मोटापा, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों जैसे- [गैर-संचारी रोगों (NCD)]() में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।
- [वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)]() के अनुसार, पछिले दो दशकों में NCD में वैश्वकि वृद्धि देखी गई है।
- इन बीमारियों को आंशकि और आक्रामक रूप से **आसानी से उपलब्ध सस्ते और प्री-पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की खपत एवं वपिणन** के लयि ज़म्मिेदार ठहराया जाता है, जो उपभोक्ताओं के बीच तेज़ी से लोकप्रयि हो रहे हैं।

## इसका महत्त्व:

- **दृष्टबािधति व्यक्तयिों के लयि पहुँच:**
  - इन कोड्स को स्कैन करने के लयि स्मार्टफोन के एप्लीकेशन का उपयोग कयिा जा सकता है और उपयोगकर्त्ता पढ़ी गई जानकारी को सुन सकता है।
  - यह गारंटी के साथ सुरक्षति भोजन तक समावेशति और न्यायसंगत पहुँच को बढ़ावा देता है तथा सामान्य ग्राहकों के समान ही दृष्टबािधतिों की पहुँच खाद्य उत्पादों के वषिय में महत्त्वपूर्ण जानकारी तक सुनश्चिति करता है।
- **वस्तृित जानकारी:**
  - QR कोड में प्रदान कयिे गए ववरिण का स्तर सभी उपभोक्ताओं, जनिमें आहार संबंधी प्रतबिंध या एलर्जी वाले लोग भी शामलि हैं, को सूचति वकिल्प चुनने का अधकिार देता है, ताकप्रितकूिल प्रतक्रियिाओं या स्वास्थ्य समस्याओं के जोखमि को कम कयिा जा सके।
- **सूचति नरि्णय लेना:**
  - उपभोक्ता नरि्माताओं द्वारा कयिे गए दावों को तुरंत सत्यापति कर सकते हैं और ऐसे वकिल्प चुन सकते हैं जो उनके स्वास्थ्य तथा आहार संबंधी आवश्यकताओं का समर्थन करते हैं।
  - प्री-पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की पर्याप्तता वाले बाज़ारों में यह वशिेष रूप से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकउिपभोक्ता **स्वस्थ और कम स्वस्थ वकिल्पों के बीच अंतर कर सकते हैं।**
  - QR कोड के माध्यम से पोषण जानकारी और एलर्जी संबंधी चेतावनयिाँ प्राप्त कर उपभोक्ता स्वस्थ खाद्य पदार्थ का चयन कर सकते हैं।
- **वैश्वकि महत्त्व:**
  - खाद्य उत्पादों पर QR कोड का उपयोग केवल भारत ही नहीं करता है बल्कअिमेरकिा, फ्राँस और ब्रटिेन जैसे देश भी खाद्य उत्पादों पर QR कोड के प्रमुख उपयोगकर्त्ता हैं।
  - यह वैश्वकि रुझानों के अनुरूप है, क्योंकउिपभोक्ता **अपने द्वारा खरीदी गई वस्तुओं के वषिय में जानकारी** प्राप्त करने के लयि QR कोड का अधकि-से-अधकि उपयोग करते हैं।

## नष्किर्ष:

- भारत में खाद्य उत्पादों पर QR कोड को शामलि करना सार्वजनकि स्वास्थ्य में सुधार, उपभोक्ता संरक्षण और समावेशति को बढ़ावा देने की दशिा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह खाद्य लेबलगि में वैश्वकि रुझानों के अनुरूप है तथा उपभोक्ताओं को उनकी आहार संबंधी प्राथमकिताओं के वषिय में सूचति वकिल्प चुनने का अधकिार देता है।
- यह पहल प्री-पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत और NCD में वृद्धि से जुड़ी चुनौतयिों का समाधान करने के लयि भारतीय अधकिारयिों की प्रतबिद्धता को प्रदर्शति करती है।

## UPSC सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. नम्निलखिति कथनों पर वचािर कीजयि: (2018)**

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधनियिम, 2006 ने खाद्य अपमश्रिण की रोकथाम (प्रविेंशन ऑफ फूड एडल्टरेशन) अधनियिम, 1954 को प्रतस्थिापति कयिा।
2. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधकिरण (फूड स्टैंडर्ड्स अथॉरटिी ऑफ इंडयिा) (FSSAI) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परवािर कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानदिेशक के प्रभार में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- यह स्वास्थ्य एवं परविार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त नकिाय है। इसे खाद्य सुरक्षा और मानक अधनियिम, 2006 के तहत स्थापति कयिा गया है, यह वभिन्नि अधनियिमों तथा आदेशों को समेकति करता है जसिने अब तक वभिन्नि मंत्रालयों एवं वभिागों में खाद्य संबंधी मुद्दों के समाधान में सहायता की है।
- खाद्य मानक और सुरक्षा अधनियिम, 2006 को खाद्य अपमश्रिण नवािरण अधनियिम, 1954; फल उत्पाद आदेश, 1955 जैसे कई अधनियिमों एवं आदेशों के स्थान पर लाया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- FSSAI का नेतृत्व एक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा कयिा जाता है, जसि केंद्र सरकार द्वारा नयिुक्त कयिा जाता है। वह भारत सरकार के अंतर्गत सचवि पद के समकक्ष हो अथवा सचवि पद से नीचे कार्यरत न रहा हो। FASSAI स्वास्थ्य सेवा महानदिशक के अधीन नहीं है।**अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- FSSAI को मानव उपभोग के लयि सुरक्षति और पौष्टकि भोजन की उपलब्धता सुनश्चिति करने हेतु खाद्य पदार्थों के लयि वज्ञिान आधारति मानकों को नरि्धारति करने तथा उनके नरि्माण, भंडारण, वतिरण, बकि्री और आयात को वनियिमति करने के लयि बनाया गया है।

**अतः वकिल्प (a) सही उत्तर है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/qr-codes-for-food-labels